Dainik Bhaskar, 31-8-25 , pg. 3

संतृप्ति शिविर • इंदौर के रंगवासा में आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा बोले-

# 'डिजिटल, वित्तीय साक्षरता आज की जरूरत'

भास्कर संवाददाता। इंदौर

रंगवासा स्थित उमिया धाम में 'संतृप्ति' शिविर में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आज देश की 60-70% आबादी यूपीआई के माध्यम से डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले रही है, लेकिन इसके साथ वित्तीय फ्रॉड भी बढ़े हैं। ओटीपी और पासवर्ड की गोपनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



गवर्नर ने बताया कि देश में 99.9% आबादी के 5 किमी के दायरे में बैंक ब्रांच है। रंगवासा में ही 12 ब्रांच हैं। देशभर में 2.5 करोड़ बैंकिंग आउटलेट हैं। जनधन योजना के 11 साल पूरे होने पर खातों का पुनः सत्यापन आवश्यक है। मध्यप्रदेश में 85 लाख खातों का री-केवायसी किया जाना है, जिसमें से 14 लाख ही पूरे हुए हैं।

वहीं एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने बताया कि जनधन योजना में 56% खाते महिलाओं के हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इस दौरान सेंट्रल बैंक व बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक, आरबीआई भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चंदनावेली, कलेक्टर आशीष सिंह और रंगवासा सरपंच ममतेश चौहान उपस्थित रहे।